# हलदूण

सा विद्या या विमुक्तये

राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां (हि०प्र०)



## 2016-17

**GOVT. DEGREE COLLEGE, NAGROTA SURIAN**

**Distt. Kangra (H.P.)**

कॉलेज के प्रथम पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि
श्री नीरज भारती, माननीय मुख्य संसदीय सचिव (शिक्षा) के साथ पुरस्कार विजेता

रूसा जागरूकता अभियान के तहत कॉलेज व स्थानीय स्कूल के छात्र–छात्राएं
स्कूल प्रिंसीपल श्री हरभजन सिंह व कॉलेज स्टाफ के साथ

हिमाचल प्रदेश सरकार

**वीरभद्र सिंह**
मुख्यमंत्री
हिमाचल प्रदेश

# संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि राजकीय डिग्री कॉलेज नगरोटा सूरियां जिला कांगड़ा द्वारा 'हलदूण' कॉलेज पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है।

कॉलेज पत्र–पत्रिकाओं का विद्यार्थियों में सृजनात्मक एवं रचनात्मक लेखन में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इसके साथ ही, यह पत्रिकाएं वर्ष भर कॉलेज स्तर पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों को उजागर करने में भी बेहतर माध्यम बनती हैं। सबसे महत्वपूर्ण कार्य, विद्यार्थियों को लेखन के प्रति प्रोत्साहित करने और उनमें रचनात्मक सोच को विकसित करने के लिए ये पत्रिकाएं हमेशा फायदेमंद साबित होती हैं।

मुझे विश्वास है कि कॉलेज पत्रिका में प्रकाशित सामग्री विशेषकर लेख एवं महत्वपूर्ण जानकारियां पाठकों के लिए ज्ञानवर्धक सिद्ध होंगे।

पत्रिका के सफल प्रकाशन तथा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं।

(वीरभद्र सिंह)

**Neeraj Bharti**
Chief Parliamentary Secretary
Himachal Pradesh

# Message

It gives me immense pleasure to know that Govt. Degree College, Nagrota Surian of Distt. Kangra is publishing its college magazine "Haldoon".

College magazines play a vital role in all round development of students, apart from providing them a platform to express their views. I sincerely hope that the magazine would carry some interesting write-ups regarding rich cultural heritage of the state.

I wish the publication a success.

*Neeraj Bharti*

**प्रो० चन्द्र कुमार चौधरी**
अध्यक्ष, हि०प्र० अन्य पिछड़ा
वर्ग वित्त एवं कल्याण बोर्ड
एवं पूर्व लोकसभा सांसाद

# संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियाँ (कांगड़ा) 'हलदूण के नाम से कालेज की पत्रिका का प्रवेशांक निकाल रहा है। हलदूण नामकरण हमें उन हजारों लोगों की स्मृति दिलाता है जिन्होंने देश के विकास की खातिर अपना सर्वस्व त्याग दिया। वहीं 'हलदूण' नामक पत्रिका बच्चों को सृजन का अवसर प्रदान करेगी। निर्जन हुई स्थली के नाम से सृजन का मंच एक अच्छी शुरूआत है। मैं इसके लिए सबको बधाई देता हूँ। और पत्रिका की सफलता की कामना करता हूँ।

(चन्द्र कुमार)

पूर्व सांसद

कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य
**डॉ. अशोक अवस्थी**
प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय
बासा (गोहर), जिला मंडी, हि.प्र.

# संदेश

यह परम हर्ष का विषय है कि राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां अपनी वार्षिक पत्रिका 'हलदूण' का प्रवेशांक प्रकाशित कर रहा है ।

शिक्षा का उद्देश्य एक समग्र व्यक्तित्व का विकास सुनिश्चित करना है और शिक्षा संस्थाओं द्वारा प्रकाशित पत्र –पत्रिकाएं उदीयमान प्रतिभाओं को अपनी रचनात्मक प्रतिभा को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इससे सृजनात्मकता का पोषण संभव हो पाता है। इन नवांकुरित लेखन प्रेमियों के लिए अंतःकरण से ये शब्द स्वतः ही फूट पड़ते है :–

"ऐ मन! तूने फैसला कर ही लिया लेखन के लिए"

साहित्य समाज का दर्पण है। हमें उस समाज में जागृति लानी है, जो अभी भी स्वयं के स्वरूप से अपरिचित है। यह कार्य साहित्य रूपी दर्पण के माध्यम से समाज के सम्मुख आकार नवीन चेतना का संचार करने में सफल होगा।

'कदम चूम लेती है खुद आ के मंजिल यदि मुसाफिर हिम्मत न हारे "

मेरा विश्वास है कि पत्रिका में ज्ञानवर्धक तथा उपयोगी सामग्री संकलित होगी जिससे हमारी भावी पीढ़ी व पाठक वर्ग इन विचारों से पूर्णतया लाभान्वित होगा ।

'हलदूण' के प्रवेशांक के सफल प्रकाशन के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। मैं कामना करता हूँ कि आने वाले वर्षों में महाविद्यालय व इसकी पत्रिका और अधिक ऊंचाइयाँ छूए।

डा॰ अशोक अवस्थी
प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय
बासा (गोहर) जिला मण्डी हि॰प्र॰

पवन कुमार धीमान
जिला परिषद सदस्य

# संदेश

नगरोटा सूरियां में कॉलेज खुल जाने से बच्चों की प्रतिभा खनन के समग्र द्वार खुल गए हैं। **'हलदूण'** नामक पत्रिका की शुरूआत कर कॉलेज न केवल विद्यार्थियों को एक नया मंच दे रहा है, अपितु हलदूण नाम पर पत्रिका का नाम रखकर उस समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को श्रद्धांजलि दी जा रही है जिसने देश के विकास में स्वयं उजड़ कर अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया। पौंग झील में समाहित हलदूण घाटी की स्मृति को समर्पित कॉलेज पत्रिका का नामकरण अपने आप में एक ऐतिहासिक शुरूआत है। मैं पत्रिका की सफलता की कामना करते हुए कॉलेज प्रशासन को बधाई देता हूँ।

पवन कुमार धीमान

जिला परिषद सदस्य

नगरोटा सूरियां वार्ड

**शुभकरण चौधरी**
**जिला परिषद सदस्य**

# संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत हर्ष हो रहा है कि राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां (कांगड़ा) 'हलदूण नाम से कॉलेज पत्रिका का प्रवेशांक प्रकाशित कर रहा है। इसके लिए मैं कॉलेज प्रशासन को हार्दिक बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि कॉलेज की उन्नति के साथ पत्रिका भी समग्र उन्नति करे। हमारे क्षेत्र के बच्चों को अपनी प्रतिभा को बढ़ाने का भरपूर अवसर मिले। 'हलदूण' का स्मरण पत्रिका के माध्यम से होता रहेगा, इसके लिए कॉलेज प्रशासन को बधाई।

शुभचिन्तक
शुभकरण सिंह
जिला परिषद सदस्य
धाऊ द्वितीय वार्ड

**बीना धीमान**
**पूर्व जिला पार्षद**
**एवं सदस्य महिला कल्याण बोर्ड (हि.प्र.)**

# संदेश

राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां अपनी कॉलेज पत्रिका का प्रवेशांक निकाल रहा है। यह जानकर अति हर्ष हो रहा है। 'हलदूण' नाम जो अतीत की विरासत को संजोए हुए है, पत्रिका का सुन्दर नाम है। इसमें भूगोल, सस्कृति व इतिहास का बोध है। पत्रिका का हलदूण नामकरण इन सब बिन्दुओं को जिलाए रखेगा। सृजन का यह मंच भावी पीढ़ी को जहां हमारे विस्मृत इतिहास से जोड़ेगा, वहीं नूतन विचारों को छपने का पात्र बनेगा। मैं इसके लिए कॉलेज प्रशासन को बधाई देती हूँ।

बीना धीमान

पूर्व जिला पार्षद

# प्राचार्य की कलम से

शिक्षा व्यक्ति का ऐसा आभूषण है, जो उसके आंन्तरिक गुणों का विकास करके उसे सभ्य एंव सर्वगुण सम्पन्न बनाता है। शिक्षित व्यक्ति अशिक्षित लोगों की तुलना में अधिक जागरुक, संवेदनशील एंव अधिक कार्यकुशल होता है। अतः प्रत्येक को शिक्षा के महत्व को समझना चाहिए। शिक्षा ही मानव की उन्नति का मूल मंन्त्र है। ज्ञान जहां व्यक्ति को उसके कर्तव्यों एंव दायित्वों के प्रति सचेत करता है, वहीं समाज में सुरक्षा व सम्मान का आधार भी बनाता है। शिक्षण संस्थान इस ज्ञान प्रापति के स्रोत हैं। शिक्षण संस्थानों को दूसरे अर्थो में मानव निर्माण की कार्यशाला भी कहा जाता है। अन्य औधोगिक वर्कशाप में तो वस्तुओं का निर्माण होता है लेकिन शौक्षणिक वर्कशाप में 'मानव निर्माण' किया जाता है। मै समझता हूं कि इस मानव निर्माण की कार्यशाला में आप जब तक रहें, इसके समस्त उपकरणों का सदुपयोग करें ताकि आपके व्यक्तित्व व चरित्र का उचित निर्माण हो सके और आप अच्छे नागरिक बनकर देश के विकास में सकारात्मक भूमिका निभा सकें।

मानव निर्माण व चिन्तन सृजन में एक उपकरण और अत्यन्त महत्वपूर्ण उपकरण कालेज की पत्रिका होती है जो नवसिखुओं को अपनी अल्हड़, अविकसित व अप्रस्फुटित भावनाओं को प्रस्फुटित व अंकुरित होने का अवसर प्रदान करती है। यह एक ऐसा मंच है जो स्वतंन्त्र चिन्तन ब मन माफिक भावनाओं के सृजन का अवसर देता है, इस समंच की सीढी पाकर अल्हड़ भावनाएं परिपक्वता की ओर वढती हैं। यश, मान कीर्ति, मनोरंजन धैर्यवर्धन व पहचान के स्वर यहीं से फूटने लगते है। अध्ययन के साथ, अध्ययन की प्रभावन्ति से उभरे मन के भावों का दौर है और पत्रिका, जो आपके छात्र जीवन के अनुभवों को संजोकर रखती है। भावनाओं को पुष्पित और पल्लवित करने वाले इस उपकरण का सभी विधार्थियों को उपयोग करना चाहिए ऐसी मेरी मंशा और उम्मीद है।

डा० एच० एल धीमान्

# सम्पादकीय......

## हलदूण नाम क्यों?

हल व दूण दो शब्दों से निर्मित शब्द का अभिप्राय है हल के माध्यम से दोगुना पैदावार अर्थात जिस क्षेत्र मैं हल की जोत से दो गुना पैदावार होती रही हो उस क्षेत्र को हलदूण कहा गया। अंग्रेजी में इसका मतलब ग्रानरी भी है अर्थात अनाज का भवन। व्यास नदी की उपत्यका व व्यास नदी की सहायक नदी गज के साथ लगती धमेटा उपत्यका के बीच एक विशाल भू–भाग, लगभग 45 वर्ग कि.मी. के क्षेत्र में फैला है, जिसका अधिकाशं हिस्सा समतलीय व नहरी था, अत्यधिक उपजाऊ था, यहां नमक और मिट्टी के तेल के सिवाय हर प्रकार के अन्न की पैदावार होती थी, उसे हलदूण कहा जाता था। रियासती युग में प्रमुखतः गुलेर व डाडासिवा रियासत का यह भाग प्राकृतिक रूप से मालामाल था। स्वतन्त्रता से पूर्व ही ब्रिटिशों को इसके भूगोलीय स्वरूप पर आंख थी क्योंकि सिवा की ओर से पनप रही उपत्यका व दूसरी और धमेटा की ओर की उपत्यका का तलवाड़ा से दस कि.मी. ऊपर संगम पौंग गांव नामक स्थान पर इस ढंग से था कि वह स्थान संकरा हो गया था। व्यास व गज इससे पहले ही सोथल नामक स्थान पर हाथ मिला चुकी थीं, इसलिए बिजली वैज्ञानिकों की नजर में बांध निर्माण का यह उत्तम स्थल था। सन् 1926–27 में यहां पहला सर्वे हुआ। यह भी सर्वविदित है कि इसे उजाड़ने के पीछे राजस्थान की उस मीलों लम्बी मरू भूमि को उपजाऊ बनाने की मंशा थी, यहां पर किसी जमाने में प्रति कि.मी. जनसख्या दर पांच व्यक्ति थी और कहीं कहीं तो एक व्यक्ति भी थी। स्वतन्त्रता के पश्चात व भाखड़ा व्यास प्रवन्धक बोर्ड के उदयन से, साथ में भाखड़ा बांध के सफल क्रियान्वयन ने इस विचार को और अग्नि दी और सन 1955 में भूभार्गीय सर्वेक्षण हुआ। 1961 में भारत के पहले मिट्टी से बनें बांध का निर्माण शुरू होकर सन 1974 में पूर्ण हुआ। समुद्र तल से 450 मीटर ऊंचाई पर बने इस बांध की अपस्ट्रीम लम्बाई 41 कि.मी व चौड़ाई 2 कि.मी. है। इसके निर्माण से 150000 जनता विस्थापित हुई। डैम के भू तल से ऊंचाई 1430 फीट है। रिजर्वायर की लम्बाई 41 किमी व चौड़ाई 19 किमी है जिसमें छः बिजली के निर्माण की इकाईयां है जिसमें 600 मैगावाट बिजली पैदा होती है। इसे 'व्यास डैम के नाम से भी जाना जाता है। तब बांध के कैचमैण्ट क्षेत्र में 94 से अधिक गांवों की 5,000 एकड भूमि को भू–अधिग्रहण अधिनियम 1894 के तहत अधिकृत किया गया था। जिसमें नूरपुर व हरा तहसील के 339 राजस्वी टीके शामिल थे। इनमें 223 तो पूर्णतः झील की परिधि में आ गए 116 टीके

अंशतः इसकी जद में आए। करीब यहां बसने वाले 30,000 परिवार प्रभावित हुए। विस्थापितों की भूमि का मुआवजा निर्धारण हेतु जमीन को आठ श्रेणियों में बांटा गया। 1962–63 की जमाबन्दी के मुताबिक नहरी दो फसली श्रेणी का मुआवजा 140 रू0 प्रति कनाल निर्धारित किया गया जो बाद में 650 रू0 प्रति कनाल कर दिया। तब 9.7 कनाल को एक एकड़ आकां गया। सन् 1955 में भूगर्भी सर्वेक्षण हुआ, जो सन् 1974 के अन्त तक पूर्णतः मुक्कमल हो गया। आज यहां से 600 मैगावाट बिजली पैदा होती है। भारत की इस बहु बहुउद्देशीय परियोजना से अब पंजाव, हरियाणा सहित राजस्थान को बिजली के साथ पानी मिलता है। राजस्थान की मरू भूमि को तो संजीवनी मिल गई है, वहां जनसंख्या घनत्व भी बढ़ गया है और हरियाली के साथ रिकार्ड पैदावार भी।

**हलदूण की संस्कृति :** संस्कृति से हमारा अभिप्राय मानव के रहन सहन, खान पान, आचार–विचार व धर्म त्योहार आदि से है। हालांकि हर घर का अपना कल्चर होता है उसी तरह समुदाय विशेष का तथा उसी तर्ज पर क्षेत्र व अंचल विशेष, का भी अपना कल्चर होता है। कहा जाता है कि इतिहास स्वयं को दोहराता है। बताया जाता है कि जब सदियों पूर्व राजपूतों के गढ़ राजस्थान में जब मुगलों ने हमले किये तो बहुत से राजा व उनकी प्रजा पहाड़ों व वनों की और कूच कर गए थे। सदियों पहले मैदानी क्षेत्र से आए लोग इस हलदूण में बस गए थे। दरियाई क्षेत्र होने के कारण तब यह धरा सरकण्डों से भरी थी जिसमें सदियों पहले आबाद किया और यह हलदूण बनी जिसे बाद में 'हार्ट आफ कांगड़ा' कहा जाता था बाद में इन्हीं लोगों को मुरब्बों के रूप में राजस्थान की भूमि आंबटित हुई, कृषि व हलवाही जिनका पेशा था। हलदूण में भी अधिकांश कामगार लोग बसे थे जिनका मुख्य धन्धा कृषि था। हालांकि दूसरी जातियों के लोग भी थे परन्तु समाज में वर्चस्व व रहनुमाई ही उनकी फितरत थी। इसलिए यहां मुख्य संस्कृति कृषि थी। कृषि से ही जीवन धारा आगे बढ़ती थी जिसमें जुड़ जाते थे हमारे रीति रिवाज व आचार विचार। इस कृषि कल्चर घाटी में 30,000 परिवार डूब गए, जिसमें उनके अपने देवी–देवता थे, अपनी–अपनी बस्तियां थी, पूजा स्थल थे, जीवन यापन व आचार व्यवहार, रिश्तेदारी, सगे सम्बन्धियों की सांस्कृतिक विरासत थी, तथा उनकी आस्थाओं के प्रतीक मठ व मन्दिर, मस्जिदें, गुरूद्वारे सब पानी में डूब गए। अब स्मृतियां शेष हैं, नई पीढ़ी तो उससे भी अपरिचित है यहां बहुत सी सांस्कृतिक स्मृतियां झील बनने के साथ पानी में डूब गई, वहीं पुरानी पीढ़ी के गमन के साथ बची–खुची स्मृतियों की धरोहर पूर्णतः विस्मृत हो जाएगी। जबकि हलदूण की आधी धरा को सींचने वाली गज खडड से निकलने वाले 'रूल' कूहल अपने उन गीतों का इतिहास संजोये है। बताया जाता है कि राजाओं के जमाने में जब हलदूण को सींचने वाली रूल कूहल में पानी नहीं चढ रहा था तो तत्कालीन रियासती नरेश ने अपनी बडी बहु की बलि देकर यहां बहु की कुर्बानी दी थी और पानी से

हलदूण मालामाल हुई थी। ऐसा सुना है कांगड़ा जनपद में विशेषकर इस घाटी में रानी की कुर्बानी का प्रसग बड़े चाव से गाया जाता है। उसके बोल अब भी उस अतीत का स्मरण कराते हैं। गवैयों के मुख से उस हृदय विदारक घटना को सुनकर आज भी आंखों में बरबस आंसू आ जाते हैं। पंजी दा मेला, महुए दा पीर, बल्ले दा पीर, बाथू की लड़ी, पंजराल का गुरूद्वारा, पंचवड का गुरूद्वारा व अन्य कई सांस्कृतिक स्थल व धटनाएं हैं जो अब झील में समा गई हैं, सिर्फ स्मृतियां शेष हैं।

हलदूण से विस्थापित अधिकांश जनता नूरपुर, ज्वाली व नगरोटा सूरियां पट्टी में बसी है। नगरोटा सूरियां पौंग झील की तलहटी में है। सरकार द्वारा कॉलेज के रूप में नगरोटा सूरियां की जनता को एक बड़ी सौगात ही है। यह कॉलेज उन्हीं हलदूण वासियों की नूतन पीढ़ी व हलदूण की उजड़न से प्रभावित आस पास की जनता का मानसिक पोषण कर रहा है। इसलिए कॉलेज के मानसिक मंच अर्थात पत्रिका का नामकरण 'हलदूण' रखना उन हलदूण वासियों के लिए हमारी छोटी सी श्रद्धांजलि है। शायद हलदूण नामक पत्रिका के पन्नों से हम उन लम्बे–लम्बे लहलहाते खेतों, सुदूर उड़ती कूंजों, चरते पशुओं, बहती कूलहों, मन्दिर में बजती घंटियों, गुरूद्वारों में गूंजती गुरवाणी, मेहनती कृषकों को अपने स्मरण में संजो सकें। और नई पीढ़ी उस बलिदान का मोल जान सके, नामकरण के पीछे यही हमारी मंशा है।

डॉ॰ एच॰ एल॰ धीमान

# हलदूण

## हिन्दी अनुभाग

## सत्र 2016-17


**प्राध्यापक सम्पादक**
एच.एल. धीमान

**छात्र–सम्पादिका**
अपर्णा मन्हास
व दिव्या भारती

# सम्पादक छात्रा की कलम से.....

1. **प्रवेशांक का स्वागतः**

प्रवेश का अर्थ है स्वागत था आरम्भ। कॉलेज की पहली पत्रिका में विद्यार्थियों का स्वागत है। यह वह प्रवेश द्वार है यहाँ से विद्यार्थियों को सोचने का अवसर प्राप्त होता है।

2. **पत्रिका के उद्देश्यः–**

पत्रिका के उद्देश्य यह है कि सभी विद्यार्थियों को चिंतन करने का अवसर मिले। यहाँ तक सम्भव हो सके। रचना/विषय स्वरचित होनी चाहिए जिससे विद्यार्थियों की सोचने की क्षमता का विकास हो। पत्रिका का यही उद्देश्य होता है।

3. **सृजनशीलताः–**

सृजनशील का अर्थ है सृजन करना अर्थात् जो भी रचना विद्यार्थी पत्रिका में छपवाना चाहता है उसका सृजन वह स्वंय करें, न कि किसी अन्य की रचना को पत्रिका में छाप दें।

4. **पत्रिका एक मंचः–**

पत्रिका एक मंच है जिसके माध्यम से किसी भी विद्यार्थी को अपने विचार, अपनी योजना अपने सुझाव, अर्थात् अपने सिद्वांतों को पत्रिका में प्रकाशित करने का अवसर मिलता है। पत्रिका वह माध्यम बन जाती है जिससे उनके सुझाव अन्य विद्यार्थियों तक पहुँच जाते है। और विद्यार्थियों को पत्रिका के मंच को प्रयोग करने का अवसर मिल जाता है।

5. **पत्रिका में रचनाओं की अपेक्षाः–**

पत्रिका में रचना की अपेक्षा सदा यही रहती है कि जब भी पत्रिका में किसी रचना का उल्लेख किया जाता है तो इसमें विद्यार्थी द्वारा स्वरचित कविता/रचना हो जिससे पत्रिका मं कुछ नयापन हो। सभी विद्यार्थियों से यही अपेक्षा की जाती है कि वह किसी अन्य की रचना का प्रकाशन अपनी पत्रिका में न, करें।

6. **मन भावनाओं का विश्लेषण होः–**

पत्रिका ऐसी होने चाहिए जिसमें विद्यार्थी के मन की भावनाएं हो और पत्रिका के माध्यम से वह शब्दों से पत्रिका में जुड़ जाए। जिससे उसके मन की भावनाओं का विश्लेषण होगा और वह एक प्रस्तुति के रूप में बाहर आ जाएगी।

धन्यवाद

अर्पणा मन्हास
बी॰ए॰तृतीय वर्ष
अनुक्रमांक : 104

# • अजीब सी है ये जिन्दगी.....

ना जाने क्यूँ अजीब सी है ये जिन्दगी.....
एक पल में है कोई
तो दूसरे पल में कोई नहीं,
मै तो हूँ यहाँ.....
पर मेरा मन है कही और
ना जाने क्यूँ अजीब सी है
ये जिन्दगी.....
एक पल कुछ गँवाया तो
दूसरे ही पल कुछ नया पाया
कभी कोई रूठा हमसे तो
कभी किसी ने हमें मनाया
कभी जिन्दगी ने हमें रूलाया तो
कभी इसने हमें हंसाया
ना जाने क्यूँ अजीव सी है
ये जिन्दगी.....
बहुत से रिश्ते दिए इसने
माँ की ममता पिता का प्यार
दादी की कहानी तो दादा का दुलार
किसी ने अपनाया तो
किसी ने झटके से माथा छुड़ाया
ना जाने क्यूँ अजीव सी है
ये जिन्दगी.....
एक पल में है कोई और
दूसरे पल में कोई नहीं,
कभी किसी परीक्षा में फेल तो कभी
किसी परीक्षा में पास कराया
पर हर एक परीक्षा से कुछ
नया सिखाया इसने
ना जाने क्यूँ अजीब सी है
ये जिन्दगी.....

सपना मन्हास
बी॰ए॰ द्वितीय सैमेस्टर
रोल नं. 16601

# मेरे आदरणीय माता – पिता

माता–पिता से बढ़के जग में,
है कोई भगवान नहीं।
माता–पिता की सेवा से बढ़कर,
जग में कुछ काम नहीं।
माता–पिता को जो दुःख देता है
तो पाता सम्मान नहीं।
माता–पिता का करे अनादर
वो पापी है, इन्सान नहीं,

नेहा जम्वाल
कक्षा: बी॰ए॰ चतुर्थ सैमेस्टर
रोल नं. 416

# दूसरों के लिए जीना सीखो

अपने लिए तो सभी जीते है।
मगर दूसरों के लिए कोई नहीं जिया करता।
अपनेसुख की अरदास सभी करते है।
मगर दूसरों के लिए कोई नहीं करता।
अपने दुःख तो सभी सुनाते हैं।
मगर दूसरों के दुःख कोई नहीं सुनता।

ये दुनिया है मतलब की,
जहां कोई किसी का नहीं बनता
कभी दूसरी की सुन कर देखो।
इससे ज्यादा सुख नहीं मिलता।

कल्पना ठाकुर
कक्षा–बी॰काम
रोल नं. 16192

# मेरे कॉलेज

मेरे कॉलेज मुझे भूल न जाना
तू जब बना था
उम्र के लिहाज से तू छोटा मैं बड़ी थी
महज तीन सालो में तूने
कुलांचे भर ली
तेरे होते मैंने भी अपनी डिग्री पूरी कर ली।
उठ स्कूल से तूने वनतुंगली में जाकर
ऊँची–ऊँची इमारतें खड़ी कर लीं
यह भवन, अट्टालिकाएं अब तेरी पहचान है।
ज्ञान के स्रोत में तू इलाके की पहचान है
बड़ा होकर भी तू पाठ सब्र,
संयम व ज्ञान का पढ़ाएगा
क्षेत्र की हर संतति को,
अपने लाड से आगे बढ़ाएगा
तेरे प्रांगण में बराबरी का गान होगा
कौन अमीर गरीब, कौन ऊँच नीच
तनिक न इसका तुझे ज्ञान होगा
ज्ञान होगा तो आगे बढ़ने का
बाधाओं व जाति बन्धन से लड़ने का
तीन सालों में तूने जो उपकार किए
मरे ज्ञान के नेत्रों के जो उपचार किए
इस सबके लिए तेरी आभारी हूँ
आंचल में तेरे पली, मैं बेटी तेरी प्यारी हूँ
वापस जब जब ससुराल से पीहर आऊंगी
तेरी महिमा, तेरे किस्से जरूर सुनाऊंगी।

इन्दु धीमान
बी॰ए॰तृतीय
छठा सैमेस्टर

# कुदरत

हर शख्स इस शहर में परेशान सा हैं
इन मकानों में उसका मकान कौन सा हैं!

ये रास्ते जो इस शहर से दूर ले जाते हैं।
वो भी तो उसे किसी और शहर में छोड़ आते हैं।

पूछते हैं ये पंछी किसी बेघर फरिश्ते की तरह
इस जमीन पर कुदरत का निशान कौन सा है!

वो तो शुक्र है इतनी ऊँचाई तक इन्सान के हाथ नहीं पहुंचते हैं।
वरना खुदा भी पूछता मेरा आसमान कौन सा है।

मैंने तो बनाई थी ये दुनिया पानी, मिट्टी, पत्थर और हवाओं से,
ये क्रंकीट, कारखानों और काले धुंए का कब्रिस्तान कौन सा है।

'निशा' अपनी खिड़की में बैठी–बैठी अकसर ये सोचती है,
इन मकानों के बीच ये अकेला पेड़ कौन सा है।

निशा कटोच
कक्षा–बी॰ए॰ चतुर्थ सैमेस्टर, रोल नं. 520

# "स्वर्ग की सीढ़ियाँ"

जिंदगी में कुछ करना चाहते हो।
तो माता–पिता तथा गुरूओं का आदर–सत्कार करो।
जिंदगी में कुछ लेना चाहते हो तो माता–पिता से लो।
कहीं जाना चाहते हो तो,
सत्संग में जाओ
कुछ देना चाहते हो तो
भूखे को खाना देना
यह सब कार्य करने से जो "हमें स्वर्ग की सीढ़िया प्राप्त होगी"

अखिल कुमार
बी॰ए॰ चतुर्थ सैमेस्टर
रोल नं. 530

# सफलता के सात भेद

मुझे अपने कमरे के अंदर ही उत्तर मिल गए।

| | |
|---|---|
| छत ने कहा | ऊँचे उद्देश्य रखो। |
| पंखे ने कहा | ठण्डे रहो |
| घडी ने कहा | हर मिनट कीमती है। |
| शीशे ने कहा | कुछ करने से पहले अपने अंदर झांक लो। |
| खिड़की ने कहा | दुनिया को देखो। |
| कैलेंडर ने कहा | अप–टू–डेट रहो |
| दरवाजे ने कहा | अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरा जोर लगाओ। |

अर्चना
कक्षा– बी॰ए॰ चतुर्थ
रोल नं. 803

# मनुष्य

प्रार्थना करते समय समझता है।
कि भगवान सब सुन रहा है,
पर निंदा करते हुए ये भूल जाता है।
पुण्य करते समय ये समझता है।
कि भगवान सब देख रहा है।
पर पाप करते समय ये भूल जाता है।
दान करते हुए ये समझता है।
कि भगवान सबमें बसता है,
पर चोरी करते हुए ये भूल जाता है।
प्रेम करते हुए यह समझता है।
कि यह दुनिया भगवान ने बनाई है,
यह नफरत करते हुए ये भूल जाता है।
और फिर भी मनुष्य
अपने को बुद्धिमान समझता है।

मीनाक्षी गुलेरिया
कक्षा–बी॰ए॰ चतुर्थ सैमेस्टर,
रोल नं. 805

# दोस्ती की यादें

कुछ सालों बाद यह लम्हे बहुत याद आएगें
जब हम सब दोस्त अपने–अपने मुकाम पर पहुँच जाएंगे।
अकेले जब भी होगें, साथ गुजरे हुए लम्हें याद आएगें।
पैसे तो बहुत होंगे, पर खर्च करने के लिए लम्हे कम पड जाएँगे।
आज जो ज्यादा मैसेज आने पर गुस्सा करते है।
कल एक–एक मैसेज के लिए तरस जाएंगे।
कुछ बातें फिर याद दोस्तों की दिलाएगी
फिर वह बातें सोचते–सोचने आँखें फिर से नम हो जाएगी।
इन पलों को मिल कर दिल खोल कर जी लो दोस्तो।
''क्योंकि यह जिन्दगी इन पलों को बार–बार नही दोहराएगी''

अर्पणा मन्हास
बी॰ए॰ तृतीय वर्ष
अनुक्रमांक 104

# हमारे शरीर के कुछ रोचक तथ्य

1. औसतन हर मनुष्य अपने जीवन का एक साल इधर–उधर रखी हुई चीजों की ढूंढने में लगा देता है।
2. छींकते समय आंखे खुली रख पाना नामुमकिन है और छींकते समय दिल की गति एक मिली सेकण्ड के लिए रूक जाती है।
3. अगर आप जोर से छींकते है तो आप अपनी पसली तुड़वा सकते है।
4. सिर्फ एक घण्टा हैडफोन लगाने से हमारे कानों की जीवाणुओं की तादाद 700 गुणा बढ़ जाती है।
5. अगर आप अपना सिर एक दीवार से लगाकर दबाव लगाए तो आप एक घण्टे में अपनी 150 कैलोरी खर्च करते है।
6. मानव दांत चट्टानों जितने कठोर होते हैं।
7. जागते समय हमारा दिमाग 10 से 24 वाट तक की ऊर्जा छोड़ता है जो एक बिजली के बल्ब को चला सकता है।
8. हर बार जब हम कुछ नया सीखते है तो दिमाग से नई झुरियां विकसित होती है और यह झुर्रियां ही आई क्यू का सही पैमाना है।
9. मनोविज्ञान के अनुसार जिस इंसान के दिमाग की जितनी ज्यादा झुर्रियां होती है वो इंसान उतना ही ज्यादा समझदार होता है।
10. चीनी की जब चोट पर लगाया जाता है तो दर्द तुरंत कम हो जाता है।
11. अगर कोई आप की तरफ घूर रहा है तो आपको तुरंत इसका एहसास हो जाता है चाहे नींद में ही क्यों न हो।

अरविन्द गुलेरिया
बी॰कॉम चतुर्थ सैमेस्टर

# हार में भी जीत का एहसास

राहुल अपने दादा जी के साथ नदी किनारे टहल रहा था। इतने में दादा जी के फोन पर एक काल आ गई। राहुल ने वही सड़क पर पड़े कुछ छोटे–छोटे पत्थर उठाए और नदी की सतह पर उन्हें उछालने की कोशिश करने लगा। उसे पता था कि अगर पत्थर स्पिन करेगा, तभी वह कई छलांगे लेकर नदी के उस पार निकल पाएगा, नहीं तो वह पहली बार में ही पानी में डूब जाएगा। राहुल के दादा जी एक नामी क्रिकेटर थे। उनका नाम अच्छे स्पिनरों में लिया जाता था। पूरी शाम राहुल नदी के किनारे पत्थर को स्पिन करने की कोशिश में लगा रहा। लेकिन उससे यह नहीं हो पा रहा था। कुछ देर में दादा जी वापस लौटे और शाबाशी देते हुए बोले बहुत अच्छा बेटा। तुम कर लोगे। बस इसी तरह प्रयास करते रहो। राहुल बोला दादा जी मुझसे कुछ नहीं होता। सब मुझसे बेहतर प्रदर्शन करते हैं। पर मैं हमेशा हार जाता हूँ दादा जी बोले मेरी एक सलाह मानोगे? राहुल बोला आप जो भी कहेंगे वह मैं मानूंगा। राहुल बोला आप ही मेरे आदर्श हैं। दादा जी बोले पहली बात तो यह कि कोई और तुमसे बेहतर है यह सिफ तुम जानते हो, वह नहीं। इसे अपनी ताकत बनाओ। और कोई भी काम करो, तो पूरे मन से, पूरी लगन से करो, और ऐसे करो कि उसे करने में तुम्हें मजा आए। तुम्हारी असली जीत उस काम को मजे से करने में ही हैं। नहीं तो जीत भी गए तो क्या?

इस बात को कई साल जीत गए। राहुल न केवल एक अच्छा स्पिनर बन गया, बल्कि रणजी टीम

में उसका चयन भी हो गया। रणजी ट्राफी का फाइनल मैच था और आखिरी ओवर में जीतने के लिए सामने वाली टीम को केवल सात रन बनाने थे। राहुल के सामने एक बेहतरीन रिकार्ड वाला बल्लेबाज खडा था। राहुल को दादा जी की बात याद आई। कोई और तुमसे बेहतर है यह सिर्फ तुम जानते हो, वह नहीं, राहुल ने अपनी पूरी जान लगा दी। उसने तय कर लिया था कि जीते या हारे। वह कुछ ऐसा करेगा कि न केवल उसे, बल्कि पूरे स्टेडियम को मजा आए। राहुल ने पहली बाल पर एक, दूसरी पर शून्य, तीसरी पर एक, चौथी पर एक ओर पांचवीं पर शून्य रन दिए। आखिरी बाल पर बल्लेबाज ने चौका मारकर मैच जीत लिया। मैच खत्म हुआ लेकिन राहुल के चेहरे को लग रहा था, जैसे वह मैच जीतकर आया हो। दादा जी ने राहुल को देखा, में कहता था न, तुम एक दिन जीत जाओं। राहुल हंसते हुए बोला, जो दादी जी। मुझे अब असली जीत का एहसास हो गया है।

जीत सिर्फ वह नहीं, जो दूसरों को हराकर हासिल की जाए।

दिव्या भारती
बी.ए. छठा सैमेस्टर

# कॉलेज के आखिरी दिन

राह देखी थी इस दिन की कब से,
आग से सपने सजा रखे थे, न जाने कब से,
बहुत उताबले थे यहां से जाने को,
जिन्दगी का अगला पड़ाव पाने को,
पर ना जाने क्यों, दिल में आज कुछ और आता है,
इस वक्त रोकने को जी चाहता हैं
जिन बातों को लेकर रोते थे
आज उन पर हंसी आती है।
ना जाने क्यों आज उन पलों को याद बहुत आती है।
कहा करते थे बड़ी मुश्किल से तीन साल सहे जाएगें
पर आज क्यों लगता है कि कुछ पीछे रह गया।
न भुलने वाली कुछ बाते रह गई
यादें जो जब जाने का सहारा बन गई
मेरी टाँग अब कौन खिंचा करेंगा।
मुझे परेशान करने के लिए कौन मेरा पीछा करेगा।
जहाँ 2000 का हिसाब नही अब
कौन फिर 2 रूपये के लिए लड़ेगा,
कौन रात भर साथ जग कर पढ़ेगा
कौन मेरे नए–नए नाम बनाएगा
मैं अब बिना मतलब किस से लडूंगा।
बिना दीपक के किस से फालतु बात करूगाँ।
कौन फेल होने पर दिलासा दिलाएगा।
कौन गलती से नम्बर आने पर गालियां सुनाएगा।
ऐसे दोस्त कहां मिलेंगे
जो खाई में भी धक्का दे आएगें।
फिर तुम्हें बचाने खुद ही आऐंगे।
मेरे गानों से परेशान कौन होगा,
कभी मुझे किसी लड़की से
बात करते देख हैरान कौन होगा।
कौन कहेगा साले तेरे जोक पर हंसी नहीं आती
कौन पीछे से बुलाकर कहेगा आगे देख भाई.....
अचानक बिन मतलब किसी को भी देख कर
पागलों की तरह हंसना
ना–जाने यह फिर कब होगा।
दोस्तों के लिए परोफेसर से कब कौन लडेगा।
क्या हम यह फिर कब कर पाऐगें।
कौन मुझे मेरे काबीलियत पर भरोसा दिलाएगा।
और फिर ज्यादा हवा में
उड़ने पर जमीन पर लाएगा।
मेरी खुशी में सच में खुश कोन होगा।
मेरे गम में मुझ से ज्यादा दुःखी कौन होगा।
कह दो दोस्तों ये दोबारा कब होगा???

रमन गुलेरिया
रोल नं. 138
स्नातक–तृतीय वर्ष

# जिन्दगी का लोकतंत्र

लोगों का लोगो के लिए लोगों का है लोकतंत्र
कहकर तुम यह भूल गए,
सीटी ताली हमने मारी और हीरो यूं तुम बन गए।
वोट ओर शौहरत हमसे पाई कुर्सी पर बैठ के भूल गए,
जो अब भी भूखे सोते कैसे उनको भूल गए।
नंगे पांव जो चलते हैं, तपती धूप को सहते होंगें।
जिनके पेट–पीठ से मिलते है, वो भी क्या कहते होंगे।
थ्रीजी, फोर जी का युग आज है और यह लोग है
बसते कहां,उनके हिस्से का अमन भी यू ही तुमने छीन लिया।
और चलते–चलते लोगों से, बच्चों ने चलना सीख लिया।
सहारा देने कोई नहीं आया, बस यूं ही लडखड़ाना सीख लिया।
कविताओं को पढ़ते–पढ़ते, हमने भी लिखना सीख लिया।

शिखा पठानिया
बी.ए.चतुर्थ सत्र
रोल नं. 414

# "ख्याल रखना"

कभी गुम ना हो रिश्तों की खूशबु,
यह ख्याल रखना.....
दौलत है यह सबसे बड़ी,
इसको संम्भाले रखना.....
खुशकिस्मत होते हैं वो होते है जिनके,
खुशिया और आंसू सांझे,
ना हो वक्त तो भी तुम वक्त निकाले रखना.....
रिशता नहीं हैऐसा कोई आज,
दिखता है जो ऐसा.....
तुझको अगर मिला है तुम इसे,
आंखों में पाले रखना.....
खुदा ना करे की ना आए कभी वक्त ऐसा,
पर उस वक्त भी "निशू" के गले में बाहें डाले रखना।

निशान्त चौधरी (निशू)
बी.ए.चौथा समेस्टर

# "मधुर वचन"

दूसरों की गलती को सहन करना एक बात है,
परन्तु उन्हें माफ कर देना और भी महान बात है।
जो कार्य हाथ में लें, वह निश्चय से करो,
तो सफलता अवश्य मिलती है।
स्वंय का बचाब करने के लिए कभी दूसरों पर
दोषारोपण मत करो,
क्योंकि समय के पास सत्य को
प्रकट करने का अपना तरीका है।
खुशी से बढ़कर पौष्टिक
खुराक और कोई नहीं हैं,
दूसरों को खुशी देना
सबसे बड़ा पुण्य का काम है।
जो सदा सन्तुष्ट है,
वही सदा हर्षित एवं आर्कषणमूर्त है।
कर्म आपको आत्म अनुभव कराता है।
बहुत अधिक आराम स्वंय दर्द बन जाता है।

शीतल शर्मा

# सफलता

सफलता की शुरूआत ऐसी होनी चाहिए,
खुशी हो या गम होठों पर मुस्कान होनी चाहिए
हौंसले बुलंद और सपनों में जान होनी चाहिए
सामने आ जाए कितनी भी मुश्किलें पर
दिल मे सफलता की चाह होनी चाहिए,
सफलता के लिए जज्बां जुनून और
जोश तीनों का साथ होना चाहिए।

आरजू देवी
रोल नं. 301
बी॰काम. छठा सैमेस्टर

## उस पल का इन्तजार

दिल मेरा रोने को करता है।
परन्तु दुनिया का दर्द देखकर रो नहीं पाता
चला हूँ इस दुनिया को बदलने
परन्तु खुद को भी नहीं बदल पा रहा हूँ
जिन्दगी के अनुभव कम है
परन्तु इरादों में मेरी एक हौंसला है
आज कुछ करने चला हूँ।
परन्तु इस जहां की करवटें बदलना मुश्किल है।
कभी सोच कर थक जाता हूँ
तो कभी थककर सोचता हूँ
आज की जिन्दगी के मायने बदल रहें है।
तो कुछ लोगों के आयने बदल रहे हैं
सिलसिलों का नजरिया बदल रहा है।
या मेरी तकदीर
सोचता हूँ की तेरे बिन थे जिन्दगी कुछ नहीं है।
पर मैं तो तुझे जानता भी नहीं
सिर्फ सुना है तेरे बारे में की तू कहीं है
हाथों की तकदीर तेरे नाम कर दी है
जन्नत भी मिल गई तो क्या हुआ
चाहत तो है फिर भी तुझे पाने की

यशु
बी॰ए॰ द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक–644

# बचपन

एक बचपन का जमाना था,
जिसमें खुशियों का खजाना था.....
चाहत चाँद को पाने की थी,
पर दिल तितली का दिवाना था.....
खबर ना थी कुछसुबहा की,
ना शाम का ठिकाना था.....
थक कर आना स्कूल से,
पर खेलने भी जाना था.....
माँ की कहानी थीं।
परीयों का फसाना था.....
बारिश में कागज की नाव थी,
हर मौसम सुहाना था.....

मोनिका जम्बाल
कक्षा–बी॰ए॰ चतुर्थ सैमेस्टर,
रोल नं. 413

## लम्हों की जिन्दगी

आज के लम्हे चाहे कितने ही कठिन हो
उन्हें खुश होकर जीना चाहिए।
क्योंकि बीते लम्हे चाहे कितने ही दुखदायी रहे हो
हम आज उनको याद करते है और फिर से
उन लम्हों को जीना चाहते है।
क्योंकि वो लम्हें आज हमारे पास नहीं है।
हमें वे दुबारा जीने को नहीं मिल सकते
इसलिए हम उन लम्हों को पाना चाहते है
जो लम्हे आने वाले है, हमने जीने है
हम उन्हें कभी भी महत्व नहीं देते।
क्योंकि हम हमेशा बीते लम्हों को याद करके जीते है।
हम यह कभी भी नहीं सोचते की ये आने वाले लम्हे
जिन्हें अभी हम महत्वहीन समझ रहे है।
कुछ समय बाद ये भी बीते वही लम्हें बन जाएगें।
जिन्हें हम आज पाना चाहते हैं।
फर्क सिर्फ इतना है कि वे लम्हें
हम कल पाना चाहेगें।
और कुछ लम्हें आज पाना चाहते है।

यशपाल शर्मा
बी॰ए॰द्वितीय वर्ष

# अनमोल वचन

1. हर व्यक्ति एक किताब है बशर्ते तुम पढ़ना जानते हो। (सुकरात)
2. माँ का गुस्सा एक हीरे की चमक के समान है, जो केवल चमकाता है, (टैगोर)
3. हमारी सफलता हमारी शक्ति पर निर्भर करती है। (एम.जी.)
4. समय पड़ने पर साहस ही हमारे काम आता है। (संस्कार)
5. निर्णय जल्दी कीजिए पर देर तक सोचने के बाद। (वनडिशा)
6. जब हम गिरते है तो अच्छी तरह चलने का रहस्य सीख जाते है। (अरविन्द)
7. प्रकृति जब कठिनाईयां बढ़ाती है तो बुद्धि भी बढ़ाती है। (इमर्सन)

## महान लोगों के विचार

हाथ अपना वह दिखाते फिरते है,
जिन्हें अपनी तकदीर पर शक है।
गुलशन मैदान

हर रिशता प्यार से बनता है,
खून तो धड़कनों का साथी है।

बस जायके में थोड़ा कड़वा है।
वर्ना सच का कोई जबाब नहीं।

गुण न हो तो व्यक्ति का रूप व्यर्थ है।
विनम्रता न हो तो विद्या व्यर्थ है।

उपयोग न आए तो धन व्यर्थ है
साहस न हो तो हथियार व्यर्थ है।

भूख न हो तो, भोजन व्यर्थ है,
होश न हो तो जोश व्यर्थ है।

परोपकार न हो तो जीवन ही व्यर्थ है।

## जीवन

मेरा जीवन है– समुद्र की लहरों की तरफ,
रात के पहरो की तरह,
और अपनों में गैरों की तरह– मेरा जीवन है।

मेरा जीवन है– रात के सितारों की तरह,
रूठे हुए मजारों की तरह और
पतझड़ में बहारों की तरह–मेरा जीवन है।

मेरा जीवन है– आग में घास की तरह
मरू में प्यास की तरह और
कविता में परिहास की तरह–मेरा जीवन है।

मेरा जीवन है– जिन्दगी में हादसे की तरह
पानी में प्याले की तरह और
शतरंज में पासे की तरह–मेरा जीवन है।

सुनीता
कक्षा–बी.ए. द्वितीय सैमेस्टर
रोल नं. 16606

# नगरोटा सूरियॉ कालेज की विकास यात्रा

1 मार्च 2013 में माननीय मुख्यमंन्त्री श्री वीरभद्र सिंह द्वारा ज्वाली रैली में नगरोटा सूरियां में कालेज खोलने की घोषणा की।

2 15 जनवरी 2014 को कालेज की प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचना, साथ में 5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया।

3 11 जून 2014 को स्थानीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के परिसर में प्रवेश आरम्भ।

4 21 जून 2014 को बी०ए० प्रथम वर्ष की विधिवत कक्षाओं का आरम्भ।

5 अन्तिम तिथि तक प्रथम सत्र (बी०ए) में 113 बच्चों का प्रवेश जिसमें अधिकांश लडकियां ।

6 पी०टी०ए० प्रधान सतपाल मेहरा व सदस्य रक्षपाल धीमान् के नेतृत्व में रु 38310 की आम जनता से उगराही कर स्कूल के सांईस भवन को वैठने के काविल बनाया।

7 स्थानीय व्यवसायी श्री मेहर सिंह पठानियां द्वारा कालेज की नाम पट्टिका कालेज को दान दी। श्री पवन कुमार, मालिक एम०पी० फिलिग स्टेशन ने रु 5000 व श्री के सी शर्मा ने रु 1100 दान दिए। प्राचार्य अशोक अवस्थी ने 1000 रूपये व अभिभावक वी.के. पटियाल ने 1000 रूपये दान दिये।

8 जुलाई 2014 में श्री नीरज भारती माननीय मुख्य संसदीय सचिव (शिक्षा) का कालेज में आगमन, उनके द्वारा पुस्तकालय हेतु एक लाख रुपये का अनुदान दिया।

9 सरकार द्वारा 8,26,225 रूपयों की ग्रांट उपलब्ध करवाई गई जिससे कार्यालय के कम्पयूटर, फर्नीचर व विधाथियों के लिए डैस्क, बलैक वोर्ड व अन्य फर्नीचर खरीदे गए, जिसमें प्लास्टिक की कुर्सियां भी शामिल हैं।

10 सितम्बर 2014 में कामर्स संकाय की शुरुआत 09 वच्चौ की फैकल्टी चेंज कर की गई, 18 वच्चों को अन्य क्षेत्रों से माइग्रेट किया गया।

11 सरकार द्वारा जमीन अधिग्रहण व कालेज की अन्य सुविधाओं हेतु नवम्बर 2014 में 25 लाख रुपये उपलब्ध करवाए गये।

12 अक्तूवर 2014 बनतुंगली में कालेज के भवन निर्माण हेतु 50 कनाल सरकारी भूमि का अधिग्रहण की प्रकिया शुरु की गई।

13 नवम्बर 2014 में 50 कनाल सरकारी भूमि के अधिग्रहण प्रकिया के साथ बनतुंगली में ही 110 कनाल वन भूमि के अधिग्रहण के लिए वन विभाग को आवेदन किया गया जिसके अधिग्रहण की आधी प्रकिया पूर्ण हो चुकी है। कालेज की भावी आवश्यकताओं के मद्देनजर यह भूमि आवेदित की गई है।

14 17 फरवरी 2015 को बनतुंगली में माननीय मुख्यमंन्त्री श्री वीरभद्र सिंह द्वारा कालेज भवन का शिलान्यास किया गया जिसमें श्री नीरज भारती माननीय मुख्य संसदीय सचिव व पूर्व सांसद श्री चन्द्र कुमार भी उपस्थित थे।

15 18 मार्च 2015 मुख्यमंन्त्री के आदेश पर कालेज में अर्थशास्त्र के प्रवक्ता पद का सृजन।

16 दिसम्बर 2015 में वी॰वी॰ए॰, व वी॰सी॰ए॰कोर्सो के लिए आवेदन, जो भवन के अभाव में स्वीकृति की प्रकिया अधीन है।

17 श्री नीरज भारती माननीय मुख्य संसदीय सचिव के निर्देश पर कालेज में 21–8–2015 को संस्कृत के आचार्य के पद का सृजन।

18 28 जुलाई 2015 को इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय दूरवर्ती मुक्त विश्वविधालय का अध्ययन केन्द्र खोलने हेतु एच॰आर॰ एम॰ डी॰ व क्षेत्रीय निदेशक शिमला को प्रपोजल भेजा जो स्वीकृति के अधीन है।

19 दिसम्बर 2015 में अंग्रेजी प्रवक्ता के पद का सृजन।

20 5,92,935 के नये डैस्क जुलाई 2016 में खरीदे गये व प्लास्टिक की कुर्सियां खरीदीं।

21 4,33,776 रुपये से वर्तमान भवन का पी डब्लयू डी के माध्यम से मुरम्मत का कार्य करवाया गया, जो अभी अधूरा है।

22 जुलाई 2016 का प्व्क्म्प्रध्प्राईवेट विधार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र की व्यवस्था।

23 19 सितम्बर 2016 को थ्प्तम म्गजपदहनपीमतका सामान खरीदा गया।

24 जनवरी 2017 में 34000 रुपये में कालेज के लिए अपना सांउड सिस्टम खरीदा गया।

25 अभिभावक–अध्यापक संघ द्वारा इस आशय का प्रस्ताव पारित कर केन्द्रीय सरकार को भेजा कि यह महाविधालय पौंग विस्थापितों की संतति का शैक्षिक पोशण कर रहा है। अतः च्मतपचीमतपंस क्मअमसवचउमदज च्संद के अन्तर्गत विकास में सहयोग दिया जाए।

26 केन्द्रीय मंत्रालय के निर्देशानुसार 24 जून 2017 को बी॰बी॰एम॰बी॰ के दो अधिकारियों ने कालेज परिसर का निरीक्षण कर पी०टी०ए० से भेंट की व मांग का अनुमोदन कर प्रस्ताव प्रेषित करने की सलाह दी।

27 08 अगस्त 2017 को कालेज परिसर में विधार्थियों की सुविधा के लिए बहुउदेशीय भवन व आडिटोरियम के प्रस्ताव की ड्राइंग बनवाकर मुख्य अभियन्ता भाखड़ा व्यास डैम परियोजना, तलवाड़ा को भेजा जिसकी अनुमानित लागत 4 करोड़ रुपये है। इसकी प्रति अध्यक्ष, वी॰ वी॰ एम॰ वी॰,चण्डीगढ को भी भेजी।

28 वर्ष 2014–15, 2015–16 व 2016–17 में विभिन्न श्रेणियों के अर्न्तगत रु 308062/– की छात्रवृतियां बच्चों को वितरित हुई जिसमें वर्ष 2015–16 व 2016–17 की कुछ छात्रवृतियों का वितरण बाकी है।

29 नवम्वर 2016 में कालेज में सांईस कक्षाओं का प्रस्ताव सरकार को श्री नीरज भारती, माननीय मुख्य संसदीय सचिव (शिक्षा) के माध्यम से प्रेषित किया।

30 24 जून 2017 को सरकार ने कालेज में विज्ञान विषयों को शुरु करने की अधिसूचना जारी कर दी जिसमें मैडिकल व नान मैडिकल दोनों का प्रावधान है।

31 सितम्बर 2014 में कालेज में एन॰एस॰एस यूनिट खोलने का प्रस्ताव हि॰ प्र॰ विश्वविधालय को भेजा था, जिसकी स्वीकृति सितम्बर 2016 में मिली।

32 कालेज में अंग्रेजी प्रवक्ता के दो पदो का सृजन।

33 जून 2017 में अंग्रजी प्रवक्ता के एक और पद का सृजन। कालेज में म्यूजिक (वोकल) के प्रवक्ता पद का सृजन व तबला वादक के पद का सृजन।

34 जून 2017 में सांईस विषय में भौतिक, गणित, जीव विज्ञान, रसायन शास्त्र व वनस्पति विज्ञान के पांच पदों का सृजन।

35 यू जी सी के अधिनियम 1956 के तहत कालेज को 2 F (12B) के तहत लाने हेतु यू जी सी को आवेदन, ताकि यू जी सी से सीधे अनुदान मिल सके।

36 इको क्लब व रैड रिबन की स्थापना।

37 जुलाई 2017 रोवर एण्ड रेंजर यूनिट के लिए आवेदन।

# Haldoon

# ENGLISH SECTION

Session *2016-17*

**Staff Editor**
Prof. Nishant

**Student Editor**
Deeksha Samkaria
Monika Thakur

# Student Editorial

Dear friends

I feel immensely proud in presenting this issue of the English Section of "Haldoon" the prestigious college magazine. Magazine is a medium which encourages students to highlight their hidden talent. It also provides a platform to the students to express their inner views openly and independently. The overall development of the personality of a student depends upon his or her skills and this magazine helps to enhance the skill of writing. This edition of magazine also helps the students to develop self confidence among themselves.

The college magazine "Haldoon' is full of interesting and informative articles. I pay my sincere thanks to the staff Editor (English Section) "Mr. Nishant" for his support and guidance.

"Happy Reading"

Deeksha Samkaria
B.A. (IV th Sem. ) 802

# 10 TYPES OF PURIFICATION

1. Body gets purified by .....Water and Exercise
2. Breath gets purified by.....Pranaayam (Yoga)
3. Mind gets purified by .....Silence of thoughts
4. Intellect gets purified by .....Spiritual knowledge
5. Memory gets purified by.....Manan and Chintan
6. Ego gets purified by.....Seva (Service)
7. Self gets purified by.....Maditation
8. Food gets purified by .....Positive thoughts while cooking and eating
9. Wealth gets purified by.....Giving/Donating
10. Feelings gets purified by .....Spiritual love

Nothing is impossible in this world, Even impossible itself said that I'm possible.

**Y.P. Sharma**
B.A. 4th Semester

---

# "VALUE OF TIME"

To realize the value of one year, ask the student who failed in the examination.
To realize the value of month
Ask the mother who has given birth to a premature baby.
To realize the value of one week.
Ask the editor of a weekly newspaper.
To realize the value of hour
Ask the lover who waiting to meet the beloved
To realize the value of minute.
Ask the person who has missed the train.
To realize the value of a second.
Ask the person who has just escaped from an accident.
To realize the value of milli second.
Ask the person, who won the silver medal in the Olympic
Remember that time waits for no one.

**Nisha Katoch**
B.a. 4th Semeser
Roll No. 520

# "WHAT IS LIFE"

Life is an examination
god is a great examiner.
We are all students
All are sitting in the examination hall
This life is an answer book
On which we have to take exam.
The time allowed is three hours
first bell rings in "childhood"
Second in "Youth"
The third in "old-age"
And bell of last hour is rung by the God's messenger
The exam is over as time is over
The answer book is snatched as life meets its end.

| | | |
|---|---|---|
| Life is a challenge | - | "Meet it" |
| Life is a struggle | - | "Accept it" |
| Life is a tragedy | - | "Face it" |
| Life is a love | - | "Love it" |
| Life is a duty | - | "Perform it" |
| Life is a game | - | "Play it" |
| Life is a song | - | "Sing it" |

**Shilpa**
B.A. 4th Semester
Roll No. 705

---

# "RAGGING"

India is badly affected by ragging, a form of abuse on new corners to educational institutions. The increasing privatisation of higher education has led the academic institutions in India to experience an increasing number of ragging related incidents. A report from 2007 highlights 42 incidents of physical injury and reports of deaths due to ragging can be seen as a result. Ragging has reportedly caused atleast 38-39 deaths in the last seven years. I would like to say one thing the government has taken steps against ragging and should further be checked.

**Sarika Choudhary**
B.A. 6th Semester
Roll No. 106

## "THREE THINGS"

Three things to admire
Nature, Beauty, Music
Three things to avoid
Smoking, Drinking, Gambling
Three things to govern
Temple, Tongue, Action
Three things to watch
Habit, Behaviour, Culture
Three things to remember
Parents, Teachers, Friends
Three things to leave
Corruption, Terrorism, Pessimism.

**Prianka Patial**
B.A. 4th Semester

## WHY MOURN THE BIRTH OF A GIRL?

Why do people mourn
When a girl is born?
After all she is a vital part of society
Created by the same almightly
In today's world.....
A woman is not less than a man
She can do everything that man can
It is the girl who helps the mother.
In tasks like cooking, washing and others
It is sad without a woman
Man is incomplete
Therefore, for Adam, God sent Eve.
So girl should not be considered a curse.
As they too are a vital part of the universe.

**Shivani**
B..com. 4th Semster I No. 1050

# "DO WE KNOW ACTUAL FULL FORMS"

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1) | Newspaper | : | North East West South past and present events report |
| 2) | Chess | : | Chariot, Horse, Elephant, Soldiers |
| 3) | Joke | : | Joy of kids Entertainment |
| 4) | Cold | : | Chronic obstructive lung Disease |
| 5) | Aim | : | Ambition in mind |
| 6) | Eat | : | Energy and taste |
| 7) | Tea | : | Taste and Energy Admitted |
| 8) | Smile | : | Sweet memories in lips expression. |

**Vishal Rana**
B.A. 4th Semester
Roll No. 633

# "COLLEGE LIFE"

I didn't know the happiest moments of my life
Happened during my college life.
Which made me realise
a lot things about my school life.
At first I thought, it would be just normal life
and didn't expect anything happened in disguise.
I thought I will continue to hide my beehive
But it seems that the happenings made me alive
So I thank these people who made my college life complete.
The friends who I can say, bring out the real me
The family which completes my family tree
And the teachers who saw the best in me
College life was lot of fun.
Though problems come fast as the cheetah runs.
But its what motivates me to do the best I can.
And brought me to the end of my college life.

**Shaweta Dhiman**
B.A. 2nd Semester
Roll No. 16332

## MANTRAS OF LIFE

Mirror - Will never let you lie
Knowledge - Will never let you scare
Truth - Will never let you be weak
Love - will never let you jealous
Belief - Will never let you be sad
Work - Will never let you fail.
Spiritualism - Will never let you attract to negativity.

**Puneet**
B.A 4th Semester

## "LIFE"

Life is a challenge - Meet it.....
Life is a gift - Accept it.....
Life is a Adventure - Date it.....
Life is a Duty - Perform it.....
Life is a song - Sing it.....
Life is a Journey- complete it.....
Life is a Puzzle - Solved it.....
Life is a Goal - Achieve it.....
"Life is a beautiful - Feel it."

**Arpna Manhas**
Class B.A. 4th Semester
Roll No. 104

# "MESSAGE TO MY TEACHER"

You supported me
When I was falling down
Inspired me to graft the crown
It was you
Who helped me to break the chain
Else I was failing again and again
I could write my success story
It was you who led me on the road to glory.
Through my words
I want to thank my teacher who inspired me for a bright future.

**Rozy**
B.A. 4th Semester
Roll No.801

---

# *"My Feelings About Teachers"*

Teacher are the most precious gift to humanity Teacher is like a candle that burns itself and gives light of knowledge to all. A mother can bring up a child, but a teacher makes a child the best 'Human being'. God is great but teachers is greater than God, as it is the teacher who he/she himself/herself is the part of Godliness. There are two things in the world that give "Vidya" to us, first is teacher and other are parents, and the grace of both takes a man to the pinnacle of glory.

A teacher helps us to learn from yesterday, live for today and hope for tomorrow. Teachers guide us throughout the life like a mother right from the beginning. Teachers and students relation is like a gardener and his trees, who waters and cares till their roots spread around and finally grow into the flowering trees.

**Monika Jamwal**
B.A. 4th Semester, Roll No. 413

# "TEACHER"

Teacher is like a lamp.
Who gives us light of knowledge
Teacher is like a sky
Which has limitless love for students.
Teacher is like a God,
Who gives us a new life.
Teacher is like a mother,
Whose love is equal for all
Teacher is like a flower,
Who gives us the wealth of education.

**Neha Jamwal**
B.A. 4th Semester, roll No. 416

# FUNNY INTERVIEW

| | | |
|---|---|---|
| Officer | - | What is your Name? |
| Candidate | - | Sir, Shri Bhagwan Dass |
| Officer | - | Tell in English |
| Candidate | - | Oh, Sir my name is God |
| Officer | - | What is your qualification? |
| Candidate | - | Sir, Ph.D. |
| Officer | - | What do you mean by this? |
| Candidate | - | Sir, I have passed higher Secondary with difficulty |
| Officer | - | What is your father's name? |
| Candidate | - | Sir, Sh. Sitara Chand in English it is star moon. |
| Officer | - | What is his profession? |
| Candidate | - | Sir, he is 'ICS' in Summer & 'PCS' in winter |
| Officer | - | What do you mean by it? |
| Candidate | - | Sir, I mean that he is an Ice-cream seller in summer & photo chips seller in winter |
| Officer | - | Do you likee games? |
| Candidate | - | Sir, I'm champion of my village in guli-danda |
| Officer | - | (in anger) Get out. |
| Candidate | - | Thank you Sir, |

**Shikha Pathania**
B.A.-IVth Semester

## "FAILURE IS NEVER FINAL"

Failure, this word gives a lot of anxiety and fair to most of us, we, certainly, can overcome failure if we re-define failure as:-

I Failure:- does not mean you have failed. It does mean that you have not succeeded yet.

II Failure:- does not mean your have accomplished nothing. It does mean that you have learnt something.

III Failure:- does not mean you have wasted your life. It does mean you have a reason to start a new.

IV Failure:- does not mean you are finished, it means that you are writing to try

V Failure:- does not mean God has abandoned you- it does mean God has a better idea.

Therefore, failure is never final.

**Archana**
B.A. 4th Sem.
Roll No.: 813

---

# ENGLISH: A KEY TO SUCCESS

